**BEVAE-181**

# सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

पर्यावरण अध्ययन पर क्षमता वर्धक अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी)

1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक वैध


विज्ञान विज्ञापीठ

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी

नई दिल्ली–110068

(2025)

प्रिय विद्यार्थी,

आपके नामांकन के बाद हमने आपको स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं, सतत मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का **एक सत्रीय कार्य** हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें दो भाग हैं, भाग क और भाग ख। यह इस पाठ्यक्रम सभी खंडों कवर करता है। दोनों भागों के कुल अंक 100 हैं। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए आपको 35% अंक चाहिए।

**सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश**

सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी TMA उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार विवरण लिखें।

---

नामांकन संख्या : ...............................
नाम : ...............................
पता : ...............................
...............................

पाठ्यक्रम कोड : ................................
पाठ्यक्रम शीर्षक : ................................
सत्रीय कार्य कोड : ................................
अध्ययन केंद्र : ................................ दिनांक : ..........................

---

**कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गए प्रारूप का सही अनुसरण करें।**

2) अपने उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो बहुत पतला न हो।
3) प्रत्येक कागज़ पर बायें, ऊपर और नीचे 4 cm जगह छोड़ें।
4) आपके उत्तर सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।
5) इस सत्रीय कार्य के भाग क और भाग ख हल करें, और **भाग क और भाग ख सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**
6) आपको अपनी सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका दिए गए समय के भीतर जमा करनी है। **वैध तिथि के बाद** सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नहीं ली जायेगी।

   **हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।**
7) यह सत्रीय कार्य **01 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक वैध** है। यदि आप इस सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं हो पाते या इसे 31 दिसंबर, 2025 से पहले जमा नहीं कर पाते तो फिर आपको **2026** का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।
8) यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो **आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे**। किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : subhakanta@ignou.ac.in ।

हमारी शुभकामानाएं आपके साथ हैं।

# सत्रीय कार्य
## (अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)
## पर्यावरण अध्ययन पर क्षमता वर्धक अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी)

पाठ्यक्रम कोड : **BEVAE-181**
सत्रीय कार्यकोड : **BEVAE-181/TMA/2025**
कुल अंक : 100

**नोट : सभी प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।**

## खंड क

1. "सतत् विकास के वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, समाज को कुछ परिवर्तन करने होंगे जो बहुत आवश्यक हैं।" इस कथन की पुष्टि लगभग 250 शब्दों में कीजिए। (8)

2. निम्नलिखित को लगभग 125 शब्दों में उपयुक्त उदाहरण देकर अंतर स्पष्ट करें: (4x2=8)

   क) प्राथमिक और द्वितीयक अनुक्रम

   ख) जैव विविधता का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपयोग मूल्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। (5x4=20)

   (क) जैव विविधता हॉटस्पॉट क्या है? भारत को मेगा जैव विविधता हॉटस्पॉट क्यों माना जाता है?

   (ख) विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के जीवन रूपों का उपयुक्त उदाहरणों और आरेखों के साथ वर्णन करें।

   (ग) सतही और भूजल के बीच अंतर बताइए। जल के क्षरण के लिए जिम्मेदार कारकों का वर्णन कीजिए।

   घ) आरेख की सहायता से कार्बन चक्र पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. वन अधिकार अधिनियम, 2006 भारत में आदिवासियों और वनवासियों की किस तरह मदद करता है? लगभग 200 शब्दों में उपयुक्त उदाहरणों के साथ समझाइए। (7)

5. भारत में गैर–परंपरागत ऊर्जा संसाधनों की स्थिति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। लगभग 200 शब्दों में उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए। (7)

## खंड ख

6. निम्नलिखित शब्दों को लगभग 60 शब्दों में समझाइए: (2x4=8)

   क) पारिस्थितिकी स्त्रीवाद

   ख) भौगोलिक और सामाजिक असमता

   ग) ओजोन परत का क्षरण

   घ) अम्लीय वर्षा

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। (5x4=20)

   क) अनुचित अपशिष्ट निपटान के किन्हीं चार प्रभावों को उपयुक्त उदाहरणों के साथ समझाइए।

ख) लैंडफिलिंग अपशिष्ट निपटान की एक महत्वपूर्ण विधि के रूप में कैसे कार्य करती है? समझाइए।

ग) पर्यावरण के प्रदूषण स्तरों की निगरानी के लिए एक संस्था के रूप में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) की भूमिका का वर्णन कीजिए।

घ) पर्यावरणीय मुद्दों और चिंताओं को दूर करने में सामूहिक क्रियाएँ कैसे मदद करती हैं? समझाइए।

8. "अधिवास के विनाश को वैश्विक जैव विविधता के लिए सबसे महत्वपूर्ण खतरा माना जाता है।" वर्तमान के संदर्भ में लगभग 200 शब्दों में इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (7)

9. "प्रदूषित जल हमारे स्वास्थ्य और जीवन रूपों के अस्तित्व के लिए खतरा है" जल प्रदूषकों के विभिन्न कारकों के संबंध में इसे लगभग 200 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (7)

10. "प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों और मारे गए लोगों का अनुपात आपदा के प्रकार, तैयारियों का स्तर और जनसंख्या के घनत्त्व पर निर्भर करता है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। अपने उत्तर को लगभग 250 शब्दों में उपयुक्त तर्कों और उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (8)